राजस्थान: 4.77 करोड़ रुपये के नकली नोट बरामद, 2 गिरफ्तार

राजस्थान में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. राजस्थान पुलिस की सीआईडी विंग ने राजधानी जयपुर से 4 करोड़ 77 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं.

जब्त किया कैश (फोटो- ANI)

नई दिल्ली, 18 सितंबर 2019, अपडेटेड 23:29 IST

Hindi News/ राज्यवार खबरें/ राजस्थान

- **जयपुर से 4 करोड़ 77 लाख रुपये के नकली नोट बरामद**
- **नकली पिस्टल, फर्जी सील, मोबाइल फोन भी बरामद**

राजस्थान में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. राजस्थान पुलिस की सीआईडी विंग ने राजधानी जयपुर से 4 करोड़ 77 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं. इसके साथ ही दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है. वहीं पुलिस ने नकली पिस्टल और एटीएम भी जब्त किए है.

माणक चौक थाना क्षेत्र में आरोपियों से नकली पिस्टल, सहकारिता के पट्टे, फर्जी सील, मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं. थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि नकली मुद्रा में 500, 200 और 100 मूल्य वर्ग के नोट हैं और दिखने में बच्चों के खेलने वाले नोटों जैसे हैं. अपराधियों की पहचान खेमचंद और राजेश के रूप में की गई है.

पुलिस के अनुसार प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपियों ने नकली नोट दिखाकर ठगी करना स्वीकार किया है. गिरफ्तार खेमचंद और राजेश पूर्व में एटीएम चोरी, हत्या, जाली नोट की आपूर्ति सहित कई गंभीर मामले में गिरफ्तार किए जा चुके हैं और अभी जमानत पर थे.

Source: https://aajtak.intoday.in/story/rajasthan-jaipur-fake-indian-currency-notes-1-1120937.html